



# चार साल के अनुबंध के बाद भी बैतूल-इटारसी के बीच डिवाइडरों पर पौधे-घास सूखी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 25 मार्च. बैतूल से इटारसी तक बने 51 किमी फोरलेन सडक के बीच डिवाइडर पर पौधे लगाये गये थे। लेकिन देखरेख और तराई के अभाव में यह पौधे एक साल में ही सूख गये। इन पौधों की देखरेख और मेंटनेंस का ठेका जितेन्द्र सिंह एंड कंपनी को सौंपा गया था।**

**ठेका कंपनी की लापरवाही से बदरंग हुआ फोरलेन**

**गर्मी के दिनों में आग लगने की बढ़ी संभावना**

कंपनी एक साल भी इन पौधों को संभाल नहीं पाई और अब यह पौधे अब पूरी तरह सूख चुके है। जिसके कारण इन पौधों में आग भी लग रही है। बता दे कि बैतूल से इटारसी तक 72 किमी में से 51 किमी फोरलेन ही बनाया गया है। 21 किमी में निर्माण अभी नहीं हुआ है। 51 किमी को जो फोरलेन बना है, उसके बीच डिवाइडरों में बोगेनवेलिया के पौधे और घास लगाई गई थी। भारत- भारती से लेकर साकादेही तक डिवाइडरों के बीच जली हुई झाडियां और राख बिखरी हुई देखी जा सकती है। जो डिवाइडर हरे रंग के और हरियाली से भरे होने चाहिए थे, वे झाड़ियों और काले रंग की राख से पटे पड़े हैं। जिसका मुख्य कारण डिवाइडरों के बीच लगे पौधों और घास की नियमित तराई और सिंचाई की व्यवस्था नहीं होना है। इस कारण डिवाइडरों के बीच में लगाई गई घास तो सूख चुकी है, वहीं फूलों के पौधे भी सूख रहे हैं। राह चलते वाहन चालकों द्वारा इन पर सिगरेट और जलती हुई बीडी फेंकने से इनमें आग लग जाती है। यह आग



डिवाइडरों के गेप तक फैल जाती है, लेकिन एनएचएआई विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसकी वजह से बड़ा हादसा भी हो सकता है।

**चार साल तक करना है मेंटनेंस का कार्य :** फोरलेन सड़क पर डिवाइडरों के बीच लगी घास और बोगेनवेलिया के पौधे की देखभाल के लिए ठेका कंपनी को चार साल तक मेंटेनेंस करना है, लेकिन एक साल में ही डिवाइडर के बीच पौधे और घास सूख चुकी है। डिवाइडरों पर से हरियाली गायब है। बताया गया कि फरवरी 2025 से लेकर फरवरी 2028 तक ठेका कंपनी को फोरलेन के डिवाइडरों के पौधों की देखरेख करनी है। इसके बीच बिछी मिट्टी को भी ठीकठाक रखने की व्यवस्था देखनी है। लेकिन एक साल में ही यहां पानी की नियमित सिंचाई और इसे हरा-भरा रखने के इंतजाम चौपट हो गए है।

**बैतूल-नागपुर, बैतूल इंदौर फोरलेन पर खिल रहे फूल :** एक तरफ 51 किमी में बने इटारसी-बैतूल फोरलेन पर जहां डिवाइडर के पौधे और घास सूखकर पतझड़ की तरह नजर आ रहे है, वहीं दूसरी तरफ बैतूल-नागपुर और बैतूल-इंदौर फोरलेन के डिवाइडर पर लगी घास और पौधों का नियमित मेंटनेंस होने से हरी-हरी घास और पौधों पर फूल खिल रहे है। 2014 में बनाए गए नागपुर-बैतूल फोरलेन की सड़क के बीच के डिवाइडरों पर फूल नजर आते है।

> डिवाइडरों के बीच पौधों की नियमित तराई और सिंचाई की व्यवस्था बनाई जाएगी। स्टाफ भेजकर मुआयना करवाया जाएगा। यहां की सूखी घास हटवाई जाएगी। इसे साफ करवाया जाएगा।
> **- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई**

## बदरंग नजर आ रहा इटारसी-बैतूल फोरलेन

एनएचएआई की मॉनीटरिंग के अभाव और ठेका कंपनी की लापरवाही के कारण इटासी-बैतूल के बीच 51 किमी के फोरलेन के डिवाइडर सूखे पौधे और घास की वजह से बदरंग नजर आ रहे है। 2028 तक मेंटनेंस का अनुबंध होने के बाद भी न तो एनएचएआई द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है और न ही ठेका कंपनी की लापरवाही कम हो रही है। सबसे खासबात यह है इसी मार्ग से जनप्रतिनिधि भी भोपाल आना-जाना करते है, लेकिन इस ओर जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान नहीं है। नतीजा साकादेही से भारत-भारती तक डिवाइडर पर हरियाली के बजाए जली हुई झाडिया और राख बिछी हुई है। सूखी हुई झाडियां आगजनी जैसे हादसों को न्यौता दे रही है।

## सूखी घास और पौधों से आगजनी का खतरा

बैतूल-इटारसी पर साकादेही और भारत-भारती के बीच बने डिवाइडरों पर सूखे पौधे और घास आगजनी के पर्याय बन सकते है। फोरलेन पर राह चलते लोग जलती हुई बीड़ी-सिगरेट फेंक देते है। गर्मी के दिनों में सूखे पौधे और घास में आग लगने की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है, जो न सिर्फ वाहन चालकों के लिए खतरा बन सकती है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। लेकिन इसके बाद भी इस मुद्दे को लेकर अधिकारी सजग नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब फोरलेन के डिवाइडरों पर पौधे और घास के मेंटनेंस का ठेका दिया गया है तो फिर ठेका कंपनी से कार्य क्यूं नहीं कराया जा रहा है या लापरवाही बरती जा रही है तो पैनाल्टी जैसी कार्रवाही नहीं किया जाना भी कई सवालों को जन्म देता है।

## एक नजर में

### हेलमेट न पहनने वाले 8 कर्मचारियों पर जुर्माना

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शासकीय कर्मचारियों द्वारा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के उपयोग को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया, थाना प्रभारी कोतवाली देवकरण डहरिया तथा यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कलेक्ट्रेट परिसर में हेलमेट उपयोग की सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान अधिकांश कर्मचारियों द्वारा हेलमेट का उपयोग करते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की गई। वहीं हेलमेट का उपयोग नहीं करते पाए गए 8 कर्मचारियों के विरुद्ध प्रति व्यक्ति 300 रुपये के मान से कुल 2400 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि हेलमेट जांच की यह सघन कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

### नव दिवसीय महायज्ञ व श्रीराम कथा 30 से

**सारनी।** ग्राम पंचायत सलैया के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।संपूर्ण ग्राम और आसपास के क्षेत्रों में भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो चुका है।इस दिव्य आयोजन का सानिध्य बैकुंठ धाम आश्रम के संस्थापक पूज्य सीताराम दादा जी प्रदान करेंगे,वहीं उत्तरप्रदेश के वृंदावन से पधारीं कथा वाचिका राधा शर्मा अपने मधुर,भावपूर्ण और रसपूर्ण वाचन से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा के अमृत में सराबोर करेंगी।आयोजन समिति के अनुसार,पंचमुखी हनुमान मंदिर में यह तीसरा महायज्ञ है,जिसे इस बार विशेष भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महायज्ञ के साथ ही सीताराम दरबार एवं बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा,जो इस आयोजन को और अधिक दिव्यता प्रदान करेगा। विशेष रूप से 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर यह आयोजन चरम पर पहुंचेगा,जहां भक्तजन बजरंगबली की आराधना में लीन होंगे।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 10 बाइक जप्त, एक गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए मोटर साईकिल चोरी के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे एवं निशानदेही से कुल 10 मोटर साईकिल (कीमत लगभग 05 लाख 30 हजार रुपये) बरामद की हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24-25 मार्च की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर साईकिल से भीकुंड रोड पर घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए के आधार पर



संदिग्ध व्यक्ति को मोटर साईकिल सहित पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजल उर्फ शेख अरसद पिता शेख इकबाल (22 वर्ष) निवासी ग्राम बैरागढ़ थाना धारणी (महाराष्ट्र), हाल भैंसदेही बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल चोरी की पाई गई, जिसे उसने महाराष्ट्र के बैरागढ़ क्षेत्र से गोलू उर्फ अनिल नामक व्यक्ति से लेना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अन्य चोरी की मोटर साईकिल गुपतवाड़ा के जंगल में छिपाकर रखना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कुल 9 अन्य मोटर सायकल बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1)(ई) बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं फरार आरोपी गोलू उर्फ अनिल की तलाश जारी है। इस कार्रवाही में राजेश सातनकर (थाना प्रभारी), उपनिरीक्षक आशीष कुमरे, उपनिरीक्षक प्रीति पाटिल, प्रधान आरक्षक पंजाब परते, एनआरएस अलकेश बाथरी, गौरख, राहुल का विशेष योगदान रहा।

# समर्पण से काम करने वाला सच्चा कर्मवीर

**सारनी।** बिजली उत्पादन में निष्ठा और समर्पण की भावनाओं के साथ काम करने वाले कर्मचारी को सच्चा कर्मवीर होता है। उपरोक्त उदगार पावर प्लांट सारनी के मुख्य अभियंता एस के लिल्लोरे ने पावर हाउस दो एवं तीन के कॉन्फ्रेंस हाल मे उत्पादन कर्मवीर दिवस पर व्यक्त किए है। उन्होंने कहा कि निष्ठा समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने काम को करने से प्रेरणा मिलती है। यहीं सच्चे कर्मयोग की पहचान है। मंडल सूत्रों ने कहा कि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने बिजली उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उत्पादन करने वाले कर्मवीरो का सम्मान करने की



मंशा से उत्पादन कर्मवीर दिवस मनाया है। इस मौके पर पावर प्लांट मे बिजली उत्पादन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पांच कर्मचारीयो का 5100-5100 की प्रोत्साहन राशी, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया है। कार्यक्रम मे अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता, मनीष शर्मा, चीफ केमेस्ट पीयूष गुप्ता मौजूद थे। पावर जनरेटिंग कंपनी ने उत्पादन कर्मवीर के रूप मे सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, अरुण मिश्रा, भोजराज परमार,सुदीप वर्गीय को चयनित किया है। चयनित कर्मवीरो को सम्मान राशि भेट की।

# ओलंपियाड में ख्याति सोनी ने बढ़ाया जिले का मान

**पाथाखेड़ा।** पीएम श्री पाथाखेड़ा की प्रतिभाशाली छात्रा ख्याति सोनी ने राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार 22 एवं 23 मार्च 2026 को ग्वालियर में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर के मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था की प्राचार्य अमीता रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पांचवीं की छात्रा ख्याति सोनी ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता न केवल संस्था बल्कि पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है।इस उपलब्धि के लिए मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमती लता घोरसे के साथ-साथ छात्रा के माता-पिता श्रीमती दीपमाला सोनी एवं श्री अजय सोनी को भी बधाई दी गई, जिनके सहयोग और प्रेरणा ने ख्याति को इस मुकाम तक पहुंचाया। ग्वालियर में राज्य स्तर पर तथा बैतूल में जिला स्तर पर सम्मानित होने के बाद विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने ख्याति को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# सीमांकन कराने गए एसआई पर हमला, केस दर्ज

नवभारत न्यूज

**मुलताई, 25 मार्च. थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी रामोशी में मंगलवार की शाम कब्जाधारियों ने जमीन सीमांकन के दौरान राजस्व टीम और पुलिस पर हमला कर दिया। जिससे मासोद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रणधीर सिंह राजपूत और भाजयुमो जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे घायल हो गए।**

जिन्हे उपचार के अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, बताया जाता है हमले के दौरान पत्थरबाजी एवं मारपीट भी हुई है। पुलिस द्वारा मामले मे आरोपियों पर नामजद केस दर्ज किया है। बताया जाता है मासोद निवासी भाजयुमो बैतूल के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे की ग्राम खेडीरामोशी मे करीब 15 एकड़ जमीन का सीमांकन किया जाना था। जिस पर कुछ आदिवासी परिवारों का कब्जा चला आ रहा है। इसके लिए उन्होंने लोक सेवा केंद्र सीमांकन के लिए आवेदन किया था। जिसके चलते तहसीलदार, आरआई,पटवारी, कोटवार, मासोद चौकी प्रभारी रणधीर सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक सोनू परमार,पुलिस बल और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर टीम सहित पहुंचे।सीमांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही थी,इस दौरान कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए विरोध शुरू कर दिया। देखते ही लोगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पथराव में चौकी प्रभारी रणधीर सिंह राजपूत के सिर और पैर में चोट आई, जबकि भास्कर मगरदे भी घायल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल के पास सुरक्षा के साधन नही होने से टीम को बिना काम करे पीछे हटना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाया गया गया। पुलिस ने 22 नामजद और 10 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। टीआई नरेंद्र सिंह ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# देखें बिन रघुनाथ पद जिय की जरनि ना जाय -पं संजय शर्मा

**भैंसदेही।** आज यहां आयोजित रामकथा में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुऐ मानस वाचक संजय शर्मा ने बहुत ही सहज और मन को सम्मोहित करने वाली वाचन शैली में भरत चरित ,राजा दशरथ की मृत्यु और भाई राम की विरह ग्लानि को बडे ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया,कथा वाचक पं शर्मा ने कहा की गुरू वशिष्ठ ने भरत को बताया की क्या और कौन सोचनीय हैं वे ब्राह्मण है जिसे वेद का ज्ञान ना हो,वह राजा सोचनीय है जिसके पास निति ना हो ,वह धनवान सोचनीय है जो कंजुस है,तथा वो स्त्री सोचनीय है जो पर पुरुष की सेवा करती है,ये सभी नरक गामी होते हैं। उन्होंने कहा भरत चरित सुनने का अधिकारी वह है जिसमें भरत राम जैसा आपस में प्रेम हो,पं शर्मा ने मानस की चौपाई देखें बिन रघुनाथ पद जिय की जरनि ना जाय की। सुंदर भाव प्रस्तुति और व्याख्या कर भरत की मनोदशा का वर्णन किया। आगे उन्होंने कहा सबसे कठिन धर्म है सेवक धर्म कथा के माध्यम से भरत की सहजता और निषाद के सौभाग्य , के साथ भरत मिलाप की सुंदर भाव प्रस्तुति की।भरत के स्वभाव पर चर्चा करते हुए कथा वाचक पं शर्मा ने कहा भरत संत हैं,और भरत जैसे सिर्फ भरत है। उन्होंने कहा भगवान को प्रेम से भजो भगवान भी आपको प्रेम करने लगेगे।

# सलैया बस स्टॉप पर बने शौचालय में ताला

**सारनी।** ग्राम पंचायत सलैया में जनसुविधाओं की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है।बस स्टॉप पर लगभग ढाई लाख रुपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक शौचालय आज भी उपयोग के बजाय उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।साफ-सफाई के अभाव और नियमित रूप से ताला लगे रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सबसे अधिक दिक्कत महिला यात्रियों को झेलनी पड़ रही है।स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए हो गई है क्योंकि 30 मार्च से 7 अप्रैल तक बस स्टॉप के



समीप स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में नवदिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। ऐसे धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, लेकिन मूलभूत सुविधा का अभाव व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है।आयोजक समिति के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को कई बार शौचालय की सफाई और उसे नियमित रूप से खोले जाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आरोप है कि पंचायत सचिव की उदासीनता के चलते यह जनसुविधा केवल कागजों तक सीमित रह गई है।वहीं आयोजक समिति के अनुसार सरपंच द्वारा यह तर्क दिया गया कि चुनाव में अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण वे इस सार्वजनिक आयोजन में रुचि नहीं ले रहे हैं।

# संभागायुक्त ने कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस का किया निरीक्षण

**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण कर ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन, स्थापना शाखा तथा कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम ई-ऑफिस प्रणाली में आवक-जावक प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों की दक्षता परखी। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण कलेक्ट्रेट की आवक-जावक प्रक्रिया सेंट्रलाइज्ड हो तथा पत्र मार्किंग के लिए कलेक्टर और अपर कलेक्टर ही दो स्तर निर्धारित रहें। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली को



और अधिक प्रभावी बनाने तथा कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कोई भी पत्र लंबित न रहे और संबंधित शाखा प्रभारी समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करें। इसके पश्चात संभागायुक्त ने स्थापना शाखा का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों के समयमान वेतनमान, विभागीय जांच, न्यायालयीन प्रकरण, स्वेच्छानुदान, सेवा पुस्तिका एवं हिट-एंड-रन प्रकरणों की समीक्षा की। टेबल निरीक्षण रोस्टर अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित शाखा प्रभारी को निर्धारित रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से टेबल निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालयीन प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा कर गंभीरतापूर्वक निराकरण कराएं। जवाब दावे समय पर प्रस्तुत किए जाएं। स्थापना शाखा में भी उन्होंने रैंडम रूप से ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की स्थिति देखी तथा शाखा लिपिक और शाखा प्रभारी को नस्तियों पर अनिवार्य रूप से डिजिटल हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त श्री तिवारी ने कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, उपायुक्त दिवाकर नारायण पटेल, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल संकट पर सियासत नहीं : खुशबू अतुलकर

**आमला।** नगर के अंतिम छोर पर स्थित वार्ड क्रमांक 9 भगत सिंह बस स्टैंड अंतर्गत बढ़ाईचाल क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के रहवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने अपनी पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्षद ने तुरंत नगर पालिका प्रशासन से संपर्क कर बढ़ाईचाल क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे एवं जल शाखा प्रभारी अरुण पवार ने आवश्यक कदम उठाते हुए क्षेत्र में पानी सप्लाई का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पालिका द्वारा




टैंकरों से पानी वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत मिली है।पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर ने बताया कि विडंबना यह है कि बढ़ाईचाल क्षेत्र के बोर से ही नगर पालिका के कुएं में पानी पहुंचता है, बावजूद इसके इसी क्षेत्र के रहवासियों को सबसे अधिक पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। पार्षद ने आगे बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि यदि भविष्य में पानी की समस्या बनी रहती है तो वे अपने निजी खर्च पर टैंकरों की व्यवस्था कर नगर के सभी 18 वार्डों में निशुल्क जलदान करेंगी। उनके इस आश्वासन से नगरवासियों में उम्मीद जगी है कि पानी की समस्या से जल्द निजात मिलेगी।

# नपा अध्यक्ष किशोर बरदे को मिली अनुसूचित मोर्चा की कमान

**सारनी।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष किशोर बरदे को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष की कमान मिली है. भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियों का सिलसिला तेज़ी से जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए किशोर बरदे को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के नेतृत्व में की गई है। श्री बरदे को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना उनके सक्रिय जनसंपर्क,संगठन के प्रति निष्ठा और सामाजिक सरोकारों में उनकी मजबूत पकड़ का प्रमाण माना जा रहा है।किशोर बरदे लंबे समय से नगर विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग, विशेषकर अनुसूचित जाति समुदाय के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। उनकी सरलता,मिलनसार व्यक्तित्व और सबको साथ लेकर चलने की कार्यशैली ने उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बना दिया है।उनकी इस नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।क्षेत्रभर से समर्थकों,मित्रों और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि किशोर बरदे के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

# शिकायत निवारण फोरम हर सप्ताह करेगी सुनवाई

**बैतूल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्यक्षेत्र बैतूल जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए अब प्रत्येक सप्ताह विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। कंपनी के सभी संचारण/संधारण एवं शहर वृत्त स्तर पर गठित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 तथा 138 को छोकर शेष शिकायतें जैसे विद्युत बिल से संबंधित, मीटर से संबंधित, नवीन कनेक्शन में विलंब, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज से संबंधित, लोडशेडिंग/अधिसूचित विद्युत कटौती, सुरक्षा निधि पर ब्याज अदायगी इत्यादि बिजली संबंधी शिकायतों की




सुनवाई कर त्वरित निराकरण किया जाएगा। गठित की गई सात सदस्यी फोरम में उपभोक्ताओं की विभिन्न विद्युत संबंधी समस्याओं को सुना जाएगा तथा निर्धारण अधिकारी द्वारा समीक्षा उपरांत समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर समस्या का अंतिम निराकरण किया जाएगा। बैतूल वृत सभाकक्ष में 25 मार्च को प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें गठित समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं भारतीय किसान संघ प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री पुरुषोत्तम सरले उपस्थित हुए। फोरम में कुल 05 आवेदन दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई। बिजली संबंधित शिकायतों को प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैतूल वृत में प्रस्तुत कर निराकरण कराए।